हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 16 दिसंबर 2023

06 कृषि उपज मंडी का संचालन करें प्रारंभ ...

07 मुख्यमंत्री के आदेश: खुले में नहीं बिकेगा मांस...




### विकसित भारत संकल्प यात्रा आज से प्रारंभ, यात्रा के संबंध में बैठक आयोजित

# जिला मुख्यालय स्थित नर्मदा महाविद्यालय में आयोजित होगा मुख्य कार्यक्रम

भारत सरकार द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इन प्रमुख योजनाओं के सफल क्रियान्वयन एवं समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं की पहुंच को सुगम बनाये जाने के उद्देश्य से जिले में 16 दिसंबर से 26 जनवरी तक विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जा रही है।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

संकल्प यात्रा का शुभारंभ कार्यक्रम शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित नर्मदा महाविद्यालय में अपरान्ह 3 बजे से आयोजित किया गया हैं। संकल्प यात्रा संबंध में शनिवार को कलेक्टर नर्मदापुरम नीरज कुमार सिंह की उपस्थित में कलेक्ट्रेट में बैठक आयोजित की गई। जिसमें संकल्प यात्रा के आयोजन के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में विधायक नर्मदापुरम डॉ सीतासरन शर्मा, विधायक सोहागपुर विजयपाल सिंह ,विधायक सिवनीमालवा प्रेमशंकर वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष नर्मदापुरम नीतू महेंद्र यादव, नगर पालिका अध्यक्ष इटारसी पंकज चौरे, जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत,अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह, महेंद्र यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान दी गई जिम्मेदारियां एवं कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गई हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी एवं पात्र हितग्राहियों को मौके पर लाभान्वित किया जाएगा। कार्यक्रम में कृषि, स्वास्थ्य, पशुपालन, पेंशन, बैंक, राजस्व सहित सभी विभाग अपने-अपने स्टॉल लगाएंगे। ग्राम पंचायत हितग्राहियों को लाभान्वित करेंगे एवं शासन की योजनाओं की जानकारी देंगे। कार्यक्रम में आवेदन लिए जाएंगे। जिसमें शिकायत एवं शासन की योजना के लाभ के लिए अलग-अलग आवेदन लिए जाएंगे। पात्र हितग्राहियों को यथा शीघ्र लाभांवित किया जाएगा एवं शिकायतों का नियत समय-सीमा में निराकरण किया जाएगा।

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रमों के दौरान स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। आधार कार्ड अपग्रेड के लिए कैम्प आयोजित किए जाएंगे। खाद्य विभाग द्वारा उज्जवला योजना के नए पंजीयन, पशुपालक, मछुआरे के क्रेडिट कार्ड के लिए नए आवेदन लिए जाएंगे, जन धन जीवन ज्योति योजना के नए आवेदन, कृषि विभाग द्वारा केसीसी उन्नत कृषि यंत्र, पीएचई विभाग नल जल योजना, राजस्व विभाग द्वारा पीएम किसान निधि एवं स्वामित्व योजना के साथ अन्य योजनाओं का लाभ दिया जाएगा।


### विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष ने दिए निर्देश

**नर्मदापुरम।** विकसित भारत संकल्प यात्रा 16 दिसंबर से 26 जनवरी 2024 तक निकाली जाएगी। जिसको लेकर ज़िले में भाजपा ने तैयारियों शुरू कर दी है। केन्द्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा में भारतीय जनता पार्टी सक्रिय सहभागिता करेगी। यह यात्रा जिले में 16 दिसम्बर से 26 जनवरी तक आयोजित होगी। इसकी तैयारियों को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष ने जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्षों, मंडल प्रभारी, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, किसान मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा, नगर पालिक अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदगणों, जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य सहित जनप्रतिनिधियों को विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारी में जुटने का आह्वान किया उपरोक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अमित माहला ने दी।

# हिल स्टेशन पचमढ़ी में ठंड ऐसी की आग तापने को मजबूर लोग

### देशभर से पर्यटक पचमढ़ी घूमने आ रहे





हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचमढ़ी

हिल स्टेशन पचमढ़ी में दिन प्रतिदिन पारा नीचे की ओर लुढ़कता जा रहा है। शुक्रवार को सूर्यास्त होते ही तापमान 15 डिग्री के भीतर पहुंच गया। मौसम विभाग से एकत्रित किए डाटा अनुसार रात का तापमान 10 डिग्री के अंदर जाने का अनुमान है साथ ही आगे भी दिनों में यह तापमान और नीचे जा सकता है।

#### पचमढ़ी के सौंदर्य का आनंद ले रहे पर्यटक

पचमढ़ी की भारी ठंड में भी पर्यटन अपने शबाब पर है। देशभर से पर्यटक पचमढ़ी घूमने आ रहे हैं। सैलानियों से बात करने पर उन्होंने बताया कि इस ठंड का अनुभव लेने के लिए है। वह पचमढ़ी आए हैं। पर्यटकों ने कहा कि ठंड के दिनों में हिल स्टेशन घूमने का मजा अपने आप में सबसे बढ़िया है।

### गर्ल्स कॉलेज नर्मदापुरम में हुआ स्वास्थ्य शिविर



**नर्मदापुरम।** शुक्रवार को शासकीय गर्ल्स कॉलेज नर्मदापुरम में छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सीएमएचओ डॉ दिनेश देहलवार के निर्देश पर नर्मदापरम की स्वास्थ्य टीम ने गर्ल्स कॉलेज में स्वास्थ्य शिविर लगाकर 110 छात्राओं की स्वास्थ्य स्क्रीनिंग की जिसमें वजन बीपी हीमोग्लोबिन जांच एवं अन्य जांच पैरामेडिकल तथा महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा की गई ,सभी छात्राओं को स्वास्थ्य काउंसलिंग के माध्यम से स्वास्थ्य शिक्षा दी गई।

### आज एसएनजी स्कूल में अनुगूंज 2023 का होगा आयोजन

**नर्मदापुरम।** मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वाधान में संभाग स्तरीय अनुगूंज 2023 का आयोजन शनिवार को किया जाएगा। संयुक्त संचालक लोक शिक्षण विभाग नर्मदापुरम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि अनुगूंज 2023 का आयोजन शनिवार को शासकीय एसएनजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्मदापुरम में शाम 6 बजे से किया जाएगा।

# कोठी बाजार निवासी शराब तस्कर का नर्मदापुरम पर कब्जा !

### अवैध शराब का कारोबार चाउमिन ठेला से संचालित कर रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

- कोठीबाजार, सदर बाजार, बालागंज, कुचबंदिया मोहल्ला, आदमगढ़ सहित पूरे शहर में फैला रखा है जाल, गांवों मैं भी कर रहा सप्लाई

नर्मदापुरम में शराब माफियाओं ने अपना जाल बुन रखा है। इन माफियाओं में सबसे बड़ा नाम हाल फिलहाल सुरेंद्र का है। सुरेंद्र अपना सारा कारोबार कोठीबाजार सब्जी मंडी से संचालित करता है। अवैध शराब तो वह कोठीबाजार के अलग अलग मकानों और ठिकानों पर डंप कराता है। लेकिन मंडी स्थित टब को वो हैडक्वाटर की तरह इस्तेमाल करता है। शहर के सभी अवैध शराब बेचने वाले गुर्गे यही अपना ऑर्डर देने और डिलेवरी लेने आते हैं। टब पर ही पूरा लेखा जोखा किया जाता है।

#### पुलिस को चकमा देने खोल रखा चाउमिन ठेला

शराब माफिया सुरेंद्र की पहुंच पुलिस विभाग के अंदर तक है। जब भी उसके यहां अधिकारी रेड डालने पहुंचते हैं। टीम थाने से निकलने से पहले ही उस तक खबर पहुंच जाती है।

जिससे वह अवैध शराब को पुलिस के पहुंचने से पहले ही ठिकाने लगा देता है। इसके अलावा टप को भी बंद कर देता है। सुरेंद्र काफी शातिर है पुलिस को चकमा देने के लिए उसने एक चाउमिन का ठेला खोल रखा है। जितने दिन मंडी में पुलिस सक्रिय रहती है उतने दिन अवैध शराब का कारोबार चाउमिन ठेला से संचालित होता है।

#### हर जगह पेटियों से उतर रही शराब

कोठीबाजार में 3 जगह, सदरबाजार में 3 जगह, बालागंज में 4 जगह, कुचबंदिया मोहल्ले में 5 जगह, बीटीआई 2 जगह, जुमेराती 1 जगह, आदमगढ़ 3 जगह सहित अन्य इलाकों में भी सुरेंद्र की अवैध शराब उतरती है। प्रतिदिन लाखों रूपए की अवैध शराब का कारोबार तस्कर सुरेंद्र द्वारा किया जा रहा है।

#### कार्रवाई की जाएगी

अवैध शराब तस्करों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। कोठी बजार, सदर बाजार सहित अन्य क्षेत्रों में यदि कोई अवैध शराब बेच रहा है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**पराग सैनी,** एसडीओपी नर्मदापुरम

# शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाले आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

### कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस किया जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न कर राजस्व एवं खनिज विभाग के अमले पर हमला करने और निजी वाहन चालक से मारपीट के प्रकरण में आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है। घटना के आरोपी सोनू निमोदा एवं मयंक निमोदा के विरुद्ध देहात थाना नर्मदापुरम द्वारा धारा 353,186,323 एवं 34 के तहत अपराधिक प्रकरण दर्ज कराया है। एसडीएम आशीष पांडे ने बताया कि गुरुवार शाम को राजस्व अमला सीमांकन कार्य समाप्त करने के पश्चात ग्राम पांजराकला होते हुए तहसील कार्यालय नर्मदापुरम पहुंच रहे थे, तभी रास्ते में पांजराकला में एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा पांजराकला जोड़ पर रेत से भरा हुआ ट्रेक्टर ट्राली पांजराकला के तरफ जा रहा था। जो राजस्व अमले की गाड़ी को देखकर ट्राली को छोड़ कर ट्रेक्टर लेकर भाग गया। जिसके बाद राजस्व के अमले द्वारा माइनिंग विभाग को कार्यवाही के लिए बुलाया गया। साथ ही अन्य ट्रेक्टर एवं प्राईवेट चालक छुट्टु गोस्वामी को ट्राली को ले जाने एवं अग्रिम कार्यवाही के लिए बुलाया गया।

माइनिंग विभाग के अमले द्वारा ट्रैक्टर सहित ट्राली को चालक छुट्टु गोस्वामी को चलाने के लिए कहा तब वहा पर आरोपी सोनू निमोदा, मयंक निमोदा वहा पर आए और राजस्व व माईनिग विभाग की टीम पर हमला कर दिया व प्राईवेट चालक छुट्टु गोस्वामी को सोनू निमोदा, मयंक निमोदा ने उनके हाथ में पत्थर लेकर मारा जिससे छुट्टु निमोदा को सिर मे व शरीर में अन्य जगह चोटे आई है। छोटू गोस्वामी को नर्मदा अपना अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका उपचार जारी है।। उक्त आरोपियों व्दारा राजस्व व माईनिग टीम पर हमला कर शासकीय कार्य मे बाधा पहुंचाई गई है। जिसमें आरोपियों के विरुद्ध तत्काल वैधानिक कार्यवाही के लिए आपराधिक प्रकरण दर्ज कराया गया है।

#### नायब तहसीलदार ग्रामीण को कारण बताओ नोटिस

एसडीएम पांडे ने बताया कि ग्राम पांजराकला में हुई घटना के संबंध में नायब तहसीलदार ग्रामीण कीर्ति प्रधान द्वारा घटना की सूचना तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को नहीं दी गई। जिस पर उन्हें अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है।

# 15 दिवसीय एड्स दिवस का समापन, प्रमाण पत्र दिए




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

जिला अस्पताल में शुक्रवार को 15 दिनों से जो एड्स जागरूकता अभियान चलाया जा रहा था उसका समापन जिला अस्पताल के प्रशिक्षण केंद्र में किया गया। जिसमें 15 दिनों से जो पखवाड़े में प्रोग्राम किये गए जैसे नुक्कड़ नाटक, रंगोली, मेहंदी, पोस्टर, बॉल पेंटिंग आदि प्रतियोगिता में जिन छात्राओं व एचआरजी ने भाग लिया था उसको प्रणाम पत्र व शील्ड से प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। प्रोग्राम में उपस्थित जिला अस्पताल सीएमएचओ दिनेश देहलवार, नॉडल अधिकारी प्रियंका दुबे, राजेन्द्र अहिरवार, दिशा से हेमंत पटेल आईसीटीसी प्रकाश यादव, डीएसआरसी विवेक पटवा, रेडक्रॉस शेरसिंह बड़कुर, आशा कार्यकर्ताओं की सुपरवाइजर ज्योति राठोर, प्रियांशी संस्था से प्रोग्राम मैनेजर मीनाक्षी बाथरी, सम्पूर्ण सुरक्षा प्रोग्राम मैनेजर रक्षा शुक्ला, आरती बेलवंशी, नारायण विश्वकर्मा, सोनू गौर, हरीश यादव, हेमलता विनोदिया, ममता मंडल गौरी कहार समस्त टीआई स्टाफ उपस्थित रहे।

### अनुविभागों में धर्मगुरुओं की बैठक आयोजित कर दी गई जानकारी

# ध्वनि प्रदूषण अनुमत्य ध्वनि सीमा निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



राज्य शासन के गृह विभाग द्वारा दिये गये दिशा निर्देशानुसार ध्वनि प्रदूषण अनुमत्य ध्वनि सीमा के संबंध में शुक्रवार को सभी अनुविभागों में धर्मगुरुओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि गृह विभाग द्वारा दिये निर्देशानुसार ध्वनि प्रदूषण (विनियम एवं नियंत्रण) नियम 2000 के नियम के तहत अधिकतम अनुमत्य ध्वनि सीमा (डेसीबल) निर्धारित की गई है। जिसके तहत दिन के समय में अनुमत्य सीमा औद्योगिक क्षेत्र के लिए 75 और रात्रि के समय 70, वाणिज्यिक क्षेत्र दिन के लिए 65 रात्रि में 55 तथा रहवासी क्षेत्र दिन में 55 रात्रि में 45 तथा शांत क्षेत्र दिन में 50 रात्रि में 40 डेसीबल निर्धारित कि गई है। अनुमत्य सीमा का पालन कराने के लिए शिकायत प्राप्त होने पर जांच एवं त्वरित कार्यवाही के लिए उड़नदस्ता गठित किया जाएगा संबंधित उड़नदस्ते द्वारा जांच एवं प्राप्त शिकायत पर जांच कर कोलाहल नियंत्रण अधिनियम एवं ध्वनि प्रदूषण (विनियम एवं नियंत्रण) नियम 2000 के प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई करेंगे। नर्मदापुरम में एसडीएम आशीष पांडे ने एसडीएम कार्यालय में आयोजित बैठक में धर्मगुरुओं को उक्त निर्देशों की जानकारी दी गई।

इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे , सिटी मजिस्ट्रेट संपदा सराफ, एसडीओपी पराग सैनी सहित विभिन्न संप्रदाय के धर्मगुरु उपस्थित रहें। बैठक में बताया गया कि धार्मिक स्थलों एवं अन्य स्थानों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों, लाउडस्पीकर, डीजे, संबोधन प्रणाली का प्रयोग कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित तीव्रता के साथ ही किया जाए जिसमें यथासंभव दो मध्यम आकार के लाइडस्पीकरों का प्रयोग निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप ही किया जाए।

ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग के लिए संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। ध्वनि विस्तारक यंत्रों के अनियंत्रित व नियम विरुद्ध प्रयोग पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी। सभी से आग्रह किया गया है कि उक्ताशय में आवश्यक कार्यवाही करते हुए यथाशीघ्र समस्त धार्मिक स्थलों पर नियमानुसार नियंत्रित एवं निर्धारित ध्वनि विस्तारक यंत्रों का ही प्रयोग करें।

### सीएम हेल्पलाइन में लापरवाही के कारण निलंबित

**नर्मदापुरम।** सीएम हेल्पलाइन शाखा में सहायक ग्रेड-3 के पद पर पदस्थ काशी गौर द्वारा निरंतर सीएम हेल्पलाइन शाखा के कार्यों में लापरवाही व उदासीनता बरतने के कारण सीएमएचओ नर्मदापुरम द्वारा पत्र जारी कर उनको निलंबित कर दिया गया है। इनके द्वारा सीएम हेल्पलाइन शाखा में कार्य के दौरान बरती लापरवाही से विभाग की छवि धूमिल हुई है। इनको पूर्व में भी कार्य सुधार हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए थे एवं दो वेतनवृद्धि रोकी गई थी। किन्तु इसके उपरांत भी इनके कार्य में कोई सुधार परिलक्षित नहीं हुआ। इसके बावजूद भी संबंधित कर्मचारी निरंतर रूप से वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करती रही। इस कारण मप्र सेवा वर्गीकरण आचरण अधिनियम 1965 के उप नियम 1,2,3 के विपरीत होने के कारण उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर मुख्यालय कार्यालय सिविल सर्जन, सह मुख्य अस्तपताल अधीक्षक जिला चिकिल्सालय निहित किया जाता है।

# नर्मदा कॉलेज में विज्ञान और प्रौद्योगिकी विषय पर कार्यशाला का किया आयोजन

### वैज्ञानिकों की उपलब्धियों पर विद्यार्थियों ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



विकसित भारत 2047 आइडिया के तहत नव प्रवर्तन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विषय पर विज्ञान संकाय द्वारा कार्यशाला और पीपीटी द्वारा विभिन्न विषयों पर वैज्ञानिक प्रगति शोधात्मक कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसका उद्देश्य विज्ञान के क्षेत्र में भारत की प्रगति और संभावनाओं पर युवाओं के दृष्टिकोण को जानना रहा। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ ओ एन चौबे ने वर्तमान समय में हो रही वैज्ञानिक उन्नति के लिए हुए 2047 के भारत की चहुंमुखी उन्नति की कामना की।

संयोजक डॉ बी एस आर्य ने विषय प्रवर्तन करते हुए विकसित भारत में वैज्ञानिकों की भूमिका और विकास के आयामों पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। डॉ निहारिका भावसार ने पावर पाइंट प्रेजेंटेशन द्वारा आजाद भारत की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने भारत के अमृत काल की उपलब्धियों और चुनौतियों की ओर ध्यान आकृष्ट किया कि आने वाले 25 वर्षों में हमारे देश के लोगों का आर्थिक स्तर एवं तकनीकी उन्नति कैसी रहेगी। इस दौरान सुमित यादव, अंकिता यादव, यशी मौर्य और अभय अमोले आदि विद्यार्थियों ने चंद्रयान, सूर्ययान, शहरी ग्रामीण विकास आदि पर अपने विचार प्रस्तुत कर पोस्टर प्रेजेंटेशन दिए। डॉ सविता मानेकर और डॉ रवि उपाध्याय ने विकसित भारत के बिंदुओं जैसे शिक्षा, शुद्ध पेयजल, जलवायु परिवर्तन, आदि पर प्रकाश डाला। डॉ के जी मिश्र, डॉ राजेश दीवान, डॉ महेश मानकर ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। संचालन और आभार डॉ बीएस आर्य का रहा।कार्यक्रम में मंजुला भूमरकर, शबनम कुरैशी,अंजलि भट्ट और डॉ रूपा भावसार सहित प्रियांशी यादव, आस्था, शिखर, महक, शुभम, स्नेहा, अदिति शनि किरण आदि विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### मनाई सरदार पटेल की पुण्य तिथि

**बैतूल।** कुर्मी समाज ने शुक्रवार 15 दिसंबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि मनाई। इस दौरान सभी ने सरदार पटेल के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों को सभी के सामने रखा। उनको श्रद्धासुमन अर्पित किए। वक्ताओं ने युवाओं से सरदार पटेल के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। सुनील वर्मा ने कहा कि सरदार पटेल ने भारत को एक करने में जो भूमिका निभाई उसे भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि उनके अनुकरणीय कार्य हमें एक मजबूत और एकजुट देश के निर्माण की दिशा में मार्गदर्शन करते हैं। अपने नेतृत्व गुणों के लिए सरदार की उपाधि से सम्मानित, पटेल को आधुनिक भारत के वास्तुकार के रूप में सराहा जाता है, जिन्होंने अनुनय और आवश्यकता पड़ने पर बल प्रयोग के चतुराई से सैकड़ों रियासतों को संघ में एकीकृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

### आदिवासी सांस्कृतिक महोत्सव रविवार को

**बैतूल।** सर्व आदिवासी समाज द्वारा 17 दिसम्बर दिन रविवार को रानी दुर्गावती ऑडिटोरियम में सुबह 10 बजे से आदिवासी सांस्कृतिक रूढि प्रथा, रिति रिवाज, परम्परागत प्रथा अनुसार जिला स्तरीय आदिवासी सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता अविनाश धुर्वे से मिली जानकारी के अनुसार इस अवसर पर परम्परागत एवं संवैधानिक अधिकारों के संरक्षण हेतू जिला कलेक्टर को ज्ञापन भी दिया जाएगा। सर्व आदिवासी समाज बैतूल एवं सहयोगी संगठनों ने जिले के सभी आदिवासी सामाजिक बंधुओ व समस्त आदिवासी सामाजिक संगठन से कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### नपाध्यक्ष और सीएमओ से की शिकायत

**बैतूल।** कोठी बाजार विहार कांप्लेक्स की दुकान में अनुबंध नियम के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए आवेदक प्रदीप कुमार चौकीकर ने नगर पालिका अध्यक्ष एवं सीएमओ से की शिकायत की है। शिकायत आवेदन में उन्होंने बताया कि नपा परिषद बैतूल के कोठी बाजार विहार कांप्लेक्स में स्थित दुकान क्रमांक-30 में कांप्लेक्स की दुकान के इंफ्रास्ट्रक्चर को नुकसान पहुंचाकर फेरबदल किया गया है। इस दुकान में पक्का सीमेंट लोहे का लेटर डालकर दो हिस्सो में बांट दिया गया है। इसके अलावा दुकान में फ्लोर की खुदाई कर तलघर बना लिया गया है। इसमें बकायदा मशीनें रखकर संचालन किया जा रहा है। यह दुकान नीलामी अनुबंध नियमों का उल्लंघन है। इसका उल्लेख अनुबंध कंडिका 7 व 8 में उल्लेख है। इस तरह फेरबदल करने से नपा के अनुबंध का उल्लंघन हो रहा है। इससे नपा की संपत्ति को नुकसान पहुंच रहा है। कांप्लेक्स में तलघर जैसी खुदाई कर मशीनें संचालित करने से वाइब्रेशन पैदा हो रहा है। इससे कांप्लेक्स की नींव को नुकसान पहुंच रहा है। दुकानदार अनुबंध नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। संबंधित दुकान का निरीक्षण कर अतिरिक्त फेरबदल को तोड़कर पूर्व की तरह किया जाए और अनुबंध व कानूनी नियमों का पालन कराया जाए, ताकि इससे अन्य दुकानदारों को असुविधा ना हो, वे नियमों का पालन करें।

### बच्चों ने दिया रक्तदान करने का संदेश


**बैतूल।** तपश्री ज्ञान मंदिर टिकारी स्कूल के बच्चों ने माँ शारदा सहायता समिति के पितृ पुरुष स्व. ओमप्रकाश सलूजा की स्मृति में होने वाले विशाल रक्तदान शिविर के लिये बुधवार व गुरुवार जागरूकता कार्यक्रम चलाया। जिसमें बच्चों ने स्लोगन पट्टी तैयार कर युवाओं से धूम्रपान की जगह रक्तदान करने की अपील की। जिससे जिले में दो सैकड़ा से अधिक सिकलसेल व थेलेसीमिया से पीड़ति मासूमों को आसानी से रक्त उपलब्ध हो सकें। स्कूल के प्रधान पाठक दीप मालवीय ने 19 तारीख को जेएच कालेज में आयोजित होने वाले शिविर में रक्तदान की अपील की। शारदा सहायता समिति के शैलेन्द्र बिहारिया ने बताया कि रक्तदान करने वालो को फिल्म में दिखाया जाएगा और बेस्ट रंगोली, बेस्ट स्लोगन आदि पर भी इनाम रखे है।

## भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन

# कृषि उपज मंडी का संचालन करें प्रारंभ विधायक ने कलेक्टर को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

कृषि उपज मंडी बरसों से वीरान है और मंडी से बाहर किसानों की उपज को औने पौने दामों पर खरीद कर किसानों का शोषण किए जाने का मामला तुल पकड़ने लगा है। हाल ही में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी मुलताई एवं भाजपा विधायक को सौंप कर कृषि उपज मंडी का संचालन पुनः प्रारंभ कराया जाने की मांग की है। स्थानीय भाजपा विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने भी जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर मंडी सचिव की लापरवाही से मंडी का संचालन रुका होने का आरोप लगाते हुए कृषि मंडी का संचालन पर्ववत प्रारंभ की जाने की मांग की है।


चन्द्रशेखर देशमुख
विधायक




### किसानों का हो रहा आर्थिक शोषण, खेदजनक है

भाजपा विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर कहा है कि किसानों द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन में लेख किया गया है कि कृषि मंडी में कृषि उपज का क्रय विक्रय पिछले 5 वर्षों से बंद है। मंडी में उपज का क्रय विक्रय नहीं होने से किसानों द्वारा स्थानीय व्यापारी को कृषि उपज कम दाम पर विक्रय करने हेतु मजबूर होना पड़ रहा है जिससे उनका आर्थिक शोषण होना निश्चित है जो अत्यंत खेद का विषय है। मुलताई कृषि उपज मंडी सर्व सुविधा युक्त है जिसमें वर्षों से किसानों द्वारा अपनी उपज बेची जाती है किंतु मंडी सचिव की लापरवाही से मंडी का संचालन रुका हुआ है मैं आपका ध्यान इस अति गंभीर विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूं एवं कृषि उपज का क्रय विक्रय कृषि मंडी में प्रारंभ कराए।

### किसान दलाल एवं व्यापारियों के चंगुल में पिसता जा रहा है

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा ने अपने ज्ञापन में कहां है कि विगत 5 वर्षों से कृषि उपज मंडी क्रियान्वित नहीं हो पा रही है जिससे किसान दलाल एवं व्यापारियों के चंगुल में पिसता जा रहा है। मंडी का संचालन नहीं होने से किसानों की अधिसूचित कृषि उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है।

# जिले भर के लगभग 600 ग्रामीण डाक सेवक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

## डाक सेवाएं ठप्प, अन्य सेवाएं भी बुरी तरह प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



पूरे बैतूल जिले भर के लगभग 300 ग्रामीण डाकघर के लगभग 600 ग्रामीण डाक सेवक अपनी सात सूत्री मांगों को लेकर अखिल भारतीय ग्रामीण डाक संघ के बैनर तले गत 12 दिसंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चल रहे हैं जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्रों की डाक सेवाएं पूरी तरह से ठप हो गई है।

गौरतलब है कि जिले के तीन डाक सब डिवीजन, जिनमें बैतूल, मुलताई एवं भैंसदेही के लगभग 300 ग्रामीण डाकघरों में लगभग 600 डाक सेवक अपनी डाक सेवाएं प्रदान करते हैं। उनके गत 12 दिसंबर से हड़ताल पर चले जाने से ग्रामीण क्षेत्रों की डाक सेवाएं बुरी तरह से प्रभावित हो गई है। वहीं हड़ताल के चलते ऑनलाइन ट्रांजैक्शन से लेकर अन्य डाक सेवाओं पर भी इसका बुरा असर पड़ा है। अखिल भारतीय ग्रामीण डाक संघ बैतूल शाखा के अध्यक्ष संतोष राठौर ने बताया कि हमारे संघ द्वारा सात सूत्री मांगों में 8 घंटे ड्यूटी, स्थायीकरण, चिकित्सा और पेंशन आदि शामिल है। डाकघर से संबंधित जानकार बताते है कि अगर ग्रामीण डाक सेवकों की सह हड़ताल शीघ्र समाप्त नहीं होती है तो इसका बुरा प्रभाव डाक सेवा, ऑनलाइन ट्रांजैक्शन, लेनदेन के अलावा अन्य शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन पर भी पड़ेगा, क्योंकि डाकघर से ग्रामीण डाक की पेंशन, सुकन्या योजना, ऑफर लेटर, पेन कार्ड, एटीएम कार्ड, चेकबुक, मनरेगा भुगतान समेत अन्य सरकारी कार्य भी संचालित होते हैं।

**इनका कहना है**

ग्रामीण डाक सेवकों की हड़ताल से डाक आवाजाही सहित अन्य ऑनलाइन लेनदेन भी प्रभावित हो रहा है।

**रमेश ढोबले,**
उप डाकपाल मुलताई

## खान-पान में शामिल करें मोटा अनाज

# एनसीसी कैडेट्स ने मोटे अनाज की प्रदर्शनी लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

सीएम राइज एक्सिलेंस हायर सेकेण्डरी स्कूल में मिलेट्स (मोटे अनाज)पर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। 13एमपी बटालियन एनसीसी नर्मदापुरम एवम भारत सरकार द्वारा मोटे अनाज को हमारे खान पान में शामिल करने के लिए एनसीसी कैडेट्स द्वारा मोटे अनाज की प्रदर्शनी लगाई गई।

स्कूल में प्रार्थना सभा में स्कूल के सभी विद्यार्थियों को भाषण,निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एनसीसी कैडेटों द्वारा लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया है। एनसीसी कैडेट ने यह 15 दिवसीय अभियान 1 दिसंबर से प्रारंभ किया था जिसका आज समापन किया गया है ।जिसमे सीएम राइज एक्सिलेंस हायर सेकेण्डरी स्कूल प्राचार्य संदीप गणेशे , एनसीसी प्रभारी अधिकारी जयप्रकाश परिहार,एवम समस्त स्टॉफ, एनसीसी कैडेटों ने इस अभियान भाग लेकर लोगों एवम स्कूल के छात्रों को अपने जीवन में मोटे अनाज को खान पान में शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया ।सभी ने स्वास्थ भारत अभियान एवम मोटे अनाज को खान पान सामिल करने के विचार रखें।

# भंडारे के साथ 11 कुंडी यज्ञ का आयोजन

## गायत्री प्रज्ञा पीठ का वार्षिक उत्सव संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी



गायत्री प्रज्ञापीठ में 11 दिसंबर से जारी नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुक्रवार को विशाल भंडारे के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर हजारों नागरिकों ने यज्ञ भगवान को आहुतियां समर्पित की तथा भंडारे में प्रसादी ग्रहण की है। यज्ञ में गुरु दीक्षा एवं अन्य संस्कार तथा जिला चिकित्सालय की टीम के सहयोग से रक्तदान शिविर भी आयोजित हुआ जिसमें गायत्री परिवार कार्यकर्ताओ तथा समाज सेवी बंधुओं ने रक्तदान कर पुण्य लाभ लिया।

कुछ परिजनों ने इस महायज्ञ में शराब, तंबाकू आदि बुराईयों को त्याग देने का संकल्प लिया ।यज्ञ संचालन टोली प्रमुख धनराज धोटे ने बताया कि सद्बुद्धि के अभाव में सारे साधन व्यर्थ है गायत्री सद्बुध्दि की देवी है,वे श्रेष्ठ चिंतन के रूप में चिंतन और चरित्र की पवित्रता के रूप में भीतर विद्यमान होती है ।उन्होंने शिक्षक, आचार्य गुरु और सद्गुरु के बारे में बताया। मंच आसीन कुमारी दीक्षा धोटे ने दीपमहायज्ञ के दौरान प्रवचन में बताया कि गायत्री प्राणों की रक्षा करती है सदविवेक, सदचिंतन और सदज्ञान देने के साथ-साथ साधकों को प्रज्ञा बुद्धि देती है प्रज्ञा बुद्धि वह बुद्धि है जो कठिन से कठिन परिस्थितियों में हमें विचलित नहीं होने देती ।कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक,वरिष्ठ समाजसेवीगण के अलावा सभी धार्मिक सामाजिक संगठन के जुड़े परिजन,नगर पालिका परिषद,व्यापारी वर्ग गायत्री परिवार के सक्रिय कार्यकर्ता भाई बहनों तथा प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी भावनाशील नागरिकों के प्रति गायत्री परिवार ट्रस्ट सारनी के सदस्यों ने आभार जताया है।

## सौंपा गया छह सूत्रीय मांगों का ज्ञापन

# 31 तक मांगे पूरी नहीं की गई तो दिया जाएगा सीएमडी कार्यालय में धरना

**बैतूल।** कोल माइंस सेवा निवृत्त कर्मचारी संघ एचएमएस ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री एवं कोयला मंत्री के नाम 6 सूत्रीय मांग का ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। इसके पूर्व शहीद भवन में समस्त कोल माइंस पेंशनरों की बैठक आयोजित की गई।




संघ के अध्यक्ष डीके साहू ने बताया हमारी 6 सूत्रीय मांगों में कोयला खान पेंशन योजना के लोक लेखा समिति की रिपोर्ट 18 मार्च 2020 को संसद में प्रस्तुत है के सुझावों पर त्वरित कार्यवाही करें। पेंशन रिवीजन प्रत्येक 3 वर्षों के अनुपात में वर्ष 1998 से 2023 तक 25 वर्षों का पेंशन रिवीजन कर भुगतान किया जाए। पेंशन में संशोधन बेसिक का 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत पेंशन दिलाई जाए। पेंशन के साथ महंगाई भत्ता डीए जोड़कर दिलाया जाए। सभी कोल पेंशनर कर्मचारियों को डोमेस्टिक मेडिकल अलाउंस 3 हजार प्रति माह पेंशन के साथ जोड़ कर दिया जाए। 2017 से 2018 के बीच जो कर्मचारी सेवानिवृत हुए हैं उन्हें भी ग्रेजुएटी का लाभ दिया जाए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि 31 दिसंबर 2023 तक भारत सरकार द्वारा उपरोक्त मांग पत्र का समाधान नहीं किया गया तो आगामी समय में ऑल इंडिया कोल पेंशनर्स एसोसिएशन के संयोजक पीके सिंह राठौड़ के आव्हान पर 22 जनवरी 2024 को सीआईएल के सीएमडी कार्यालय कोलकाता में तथा 12 फरवरी 2024 को जंतर मंतर नई दिल्ली पर देश की पांचो ट्रेड यूनियन तथा अन्य 22 पेंशन समितियां के साथ में देश के 17 राज्यों से पेंशन भोगी आकर विशाल धरना प्रदर्शन करेंगे।

## खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन का लाइसेंस जरूरी

# बिना लाइसेंस और खुले में मांस मछली बेचने वालों पर प्रतिबंध



**सारनी।** नगर पालिका क्षेत्र सारनी में बिना लायसेंस एवं खुले में मांस-मछली का विक्रय नहीं हो सकेगा। मध्यप्रदेश शासन ने इस पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है। इसका उल्लंघन करने पर मांस-मछली विक्रेता पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

नगर पालिका परिषद सारनी के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के. मेश्राम ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा 13 दिसंबर 2023 को इस संबंध में आदेश क्र. यूडीएच/3/3/4/0004/2023/18-3 भोपाल द्वारा जारी कर दिए हैं। आदेश के अनुसार बिना अनुमति अर्थात बिना लायसेंस एवं लायसेंस की शर्तों का उल्लंघन कर मांस-मछली विक्रय करने पर प्रतिबंध लगाया गया है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र में भी उक्त आदेश का कड़ाई से पालन किया जाएगा ।इसलिए मांस-मछली विक्रेता नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा जारी ट्रेड लायसेंस, मांस-मछली विक्रय के लिए नगर पालिका से अनापत्ति एवं खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा जारी ऋररअक लायसेंस बनाकर लायसेंस की शर्तों के अनुसार ही विक्रय करें ।अपने प्रतिष्ठानों पर अपारदर्शी कांच लगाकर, प्रतिष्ठान में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखते हुए ही मांस-मछली का विक्रय करें ।उक्त आदेश का उल्लंघन करते पाये जाने पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### दिए गोल्डन बुक्स ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड के प्रमाण पत्र

**भौंरा।** लायंस क्लब नेशनल डिस्ट्रिकट द्वारा गुरुवार को स्वराज वीथी भोपाल में पीस पर आधारित इंटरनेशनल प्रतियोगिता में चयनित पोस्टरों की एक दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन लायंस के डिस्ट्रिकट गवर्नर जी पी सिंह जौहर द्वारा किया गया। इस अवसर पर डी सी पीस पोस्टर लायन बीनू गर्ग द्वारा विजेताओं को गोल्डन बुक ऑफ रिकार्ड का प्रमाण पत्र भी दिये गए। पीस पोस्टर की यह प्रतियोगिता सात नवम्बर को ग्यारह जिले में आयोजित की गई थी। जिसमें विभिन्न स्कूल के 10556 विधार्थियो ने भाग लिया था. जिसमें मल्टी पल लोकेशन में बच्चो ने डेयर टू ड्रिम विषय पर पर आकृषक रंग भरे चित्र बनाए.इस प्रतियोगिता में लायंस क्लब भौंरा केम्प्स की और से धुर्व शुक्ला ने भाग लिया था. चयन समिति द्वारा टॉप टेन में धुर्व शुक्ला द्वारा बनाई गई पेंटिग को लिया गया. क्लब के अध्यक्ष लायन संजय शुक्ला को इस अवसर पर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व डिस्ट्रिक अध्यक्ष लायन कमल भंडारी, रीजन चेयर पर्सन शोभा भट्ट, डी सी लायन राकेश साहू, सुयश कुलश्रेस्ट सहित बड़ी संख्या में लायंस क्लब के साथी उपस्थित थे।

## केरिया मंदिर में हुआ कार्यक्रम

# भगवान राधा कृष्ण की मूर्ति व शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

घोड़ाडोंगरी ब्लॉक के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सीताकामथ के केरिया ग्राम के मंदिर में शुक्रवार सुबह 10 बजे भगवान राधा कृष्ण एवं शिवलिंग की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा बाहर से आए विद्वानों द्वारा की गई इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बतौर आमला स के विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे, मध्यप्रदेश श्रमजीव पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष रजीत सिंह मुख्य रूप से मौजूद थे। भगवान प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या से ही मंदिर में भजन कीर्तन का दौर चालू था जो कि शुक्रवार सुबह 10 बजे तक भजन कीर्तन चलते रहा उसके पश्चात भव्य भंडारे का आयोजन भी समिति द्वारा आयोजित किया गया जो की देर शाम तक चलते रहा कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जनपद सदस्य शंकर राठौर, यादव समाज के चारगांव निवासी जगन्नाथ यादव, महेश यादव, दिनेश सलाम पन्नालाल यादव, कमलेश यादव, धीरज यादव, प्रेमलाल यादव सहित केरिया गांव के समस्त लोग ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया वह एक सफल कार्यक्रम का आयोजन आयोजित किया गया।

### बाइक पर कूदा बंदर बाइक सवार घायल

**बैतूल।** जंगलों में खाने-पीने की कमी, अवैध कटाई के चलते जंगली जानवर शहरों की ओर आ रहे हैं। इनमें सबसे ज्यादा संख्या बंदरों की है। लेकिन इन्हीं बंदरों के कारण दुर्घटना भी हो रही है। जिला मुख्यालय के जे एच कॉलेज इलाके में आज एक चलती बाइक सवार पर बंदर कूद गया। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर गिर पड़ी। ड्राइव कर रहा अधेड़ घायल हो गया। जिसे जिला अस्पताल बैतूल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मनीष अपनी बाइक से कालापाठा से पुलिस कंट्रोल रूम की तरफ जा रहा था। तभी कॉलेज चौक के पास चलती बाइक पर अचानक एक बंदर कूद गया। बंदर के कूदते ही बाइक सवार घबरा गया, अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़ा। जिससे उसे गंभीर चोट आई हैं। घटना के बाद राहगीरों ने युवक को प्राइवेट वाहन की सहायता से जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ का होगा लाइव प्रसारण

**सारनी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ शनिवार 16 दिसंबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा किया जाएगा ।संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास म.प्र. भोपाल द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के अनुसार उक्त कार्यक्रम का 16 दिसंबर को उज्जैन से लाइव प्रसारण शाम 4 बजे से किया जाएगा ।इस अवसर पर नगर पालिका परिषद सारनी में भी उक्त कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जाएगा ।कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षदगण सहित अन्य जनप्रतिनिधि,गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।



## पूर्व मंत्री प्रतापसिंह उईके की माताजी का स्वर्गवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं बैतूल जिले के प्रथम विधायक स्व. मोहकम सिंह की धर्मपत्नी, घोड़ाडोंगरी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री प्रतापसिंह उईके, स्वर्गीय दशरथ उइके, कैलाशसिंह उइके, दिलीपसिंह उइके की माताजी, राहुल उईके (जनपद अध्यक्ष घोड़ाडोंगरी) की दादी श्रीमती सुदिया बाई का स्वर्गवास बुधवार की रात्रि में हो गया, जिनका अंतिम संस्कार गुरुवार को उनके गृह ग्राम सातलदेही में किया गया। वह पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थी। उनकी अंतिम यात्रा उनके निज निवास सातलदेही से मोक्षधाम के लिए निकाली गई। जहां यात्रा में शामिल गणमान्य नागरिकों, ईष्ट मित्रों, समाजसेवियों एवं परिजनों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धा सुमन अर्पित कर आत्मा की शांति की कामना की।

### हार्टअटैक से ट्रक क्लीनर की मौत

**बैतूल।** किस व्यक्ति की मौत कब कहां आ जाए ये कहा नहीं जा सकता। ऐसा ही एक ट्रक क्लीनर अपने साथी ड्राइवर के साथ ट्रक में सामान लेकर अपनी मंजिल के लिए निकला था लेकिन उसको नहीं मालूम था कि ये उसका आखिरी सफर होगा। रास्ते में ही उसके दिल ने उसका साथ छोड़ा और मौत के सफर पर निकल लिया।

नेशनल हाईवे-47 पर आज मिलानपुर टोल प्लाजा के पास एक ट्रक क्लीनर की मौत हो गई। बेहोशी की हालत में उसे जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। बैतूल बाजार पुलिस के एसआई जुगल किशोर ने बताया की आज सुबह ट्रक के क्लीनर की मौत हो गई। बताया जा रहा है की ट्रक रोककर ये लोग टोल प्लाजा के पास आराम करने रुके थे। सुबह क्लीनर मुकेश (55) ट्रक की ऊपर की सीट पर सोया था इस दौरान उसे घबराहट महसूस हुई और वो नीचे गिर पड़ा। ऐसे में ट्रक का मालिक और ड्राइवर उसे नेशनल हाईवे की एंबुलेंस से लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टर्स ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा आज से होगी आरंभ

# वंचित हितग्राहियों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने की यात्रा है संकल्प यात्राः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

केन्द्र एवं राज्य शासन की योजनाओं से हितग्राहियों को जोडऩे के लिए 16 दिसंबर से 25 जनवरी 2024 तक विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया है। प्रधानमंत्र नरेन्द्र मोदी वर्चुअली यात्रा में शामिल मोबाईल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। कार्यक्रम जयवंती हॉक्सर शासकीय महाविद्यालय बैतूल में शाम 4 बजे आयोजित किया गया है। इस यात्रा के लिए आब्जर्वर वेणू गोपाल रेड्डी ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सभी अधिकारियों के साथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की।

### वंचित हितग्राहियों को मिलेगा सीधा लाभ

जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष एवं कलेक्टर अमनबीर सिंह बैंस ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा आमजन के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं से हितग्राही शत प्रतिशत लाभान्वित हो सकेंगे। अधिकतर हितग्राही इन योजनाओं का लाभ ले रहे है। परंतु अभी भी कुछ हितग्राही ऐसे है जो किन्हीं कारणों से लाभ नहीं ले सके है। उन हितग्राहियों को योजनाओं से अवगत कराने के लिए विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। गली-गली, घर-घर सुसज्जित मोबाईल वैन इस यात्रा का प्रमुख भाग होंगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक रविवार को यात्रा का विश्राम दिवस रहेगा।

### विधायक और सांसद करेंगे फ्लैग ऑफ

जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति के सदस्य सचिव एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन ने बताया कि प्रधानमंत्री के वर्चअली फ्लैग ऑफ के बाद कार्यक्रम स्थल पर बैतूल जिले के लिए मोबाईल वैन को माननीय सांसद एवं विधायकगण झंडी दिखाकर अपने-अपने क्षेत्र के लिए रवाना करेंगे। एलईडी से सुसज्जित इन मोबाईल वैन की स्क्रीन पर राज्य शासन की योजनाओं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत हितग्राहियों को दी जाने वाली सुविधाएं, वित्त पोषण सेवाएं, एलपीजी कनेक्शन, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, स्वास्थ्य, पेयजल, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा आदि सुविधाओं से लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों की सफलता की कहानी का प्रदर्शन भी किया जाएगा। 16 दिसंबर से 25 जनवरी तक चलने वाले इन सवा महीने में संकल्प यात्रा बैतूल जिले के बैतूल, मुलताई, भैंसदेही, आमला और घोड़ाडोंगरी विधानसभा क्षेत्रों की जनपद पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों में जाकर वंचित हितग्राहियों को योजनाओं से जोडऩे का काम करेंगी। मुलताई विधानसभा क्षेत्र की 135 ग्राम पंचायतों में से 133 ग्राम पंचायतों में ये यात्रा पहुंचेगी। आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के कारण बिसनूर एवं बाडग़ांव ग्राम पंचायत में संकल्प यात्रा नहीं जाएगी। इसी प्रकार आमला जनपद पंचायत के अंतर्गत 68 ग्राम पंचायतों में संकल्प यात्रा के माध्यम से हितग्राहियों को योजना से जोड़ा जाएगा। संकल्प यात्रा बैतूल विधानसभा के जनपद पंचायत बैतूल एवं आठनेर की 122 ग्राम पंचायतों में भ्रमण करेंगी। इसमें जनपद बैतूल के 78 ग्राम पंचायत एवं आठनेर की 44 ग्राम पंचायतें में संकल्प यात्रा जाएगी।

लाउड स्पीकर पर तेज ध्वनि से अजान और आरती करने पर प्रतिबंध

# मुख्यमंत्री के आदेश: खुले में नहीं बिकेगा मांस-मछली और मटन

मप्र सरकार के नए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा शपथ ग्रहण के तुरंत बाद जारी किए आदेश के अनुसार अब तेज ध्वनि की जाने वाली आरती एवं अजान तथा खुले में अभी तक बिक रहे मांस मछली पर रोक के आदेश जारी हुए हैं।



हरिभूमि न्यूज ⏭ शोभापुर

मोहन सरकार बनने के बाद पहले आदेश ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए शख्ती से पालन के परिपालन के लिए शोभापुर चौकी में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम बृजेंद्र रावत एसडीओपी संजू चौहान चौकी प्रभारी सहित ग्राम के मंदिरों के पुजारियों, मस्जिदों के मौलाना सहित अन्य लोग उपस्थित हुए। बैठक में एसडीएम बृजेंद्र रावत वा एसडीओपी संजू चौहान ने मध्य प्रदेश शासन के आदेश को पढ़कर सुनाते हुए सभी ग्राम वासियों से अपील की कि शादी विवाह अन्य समारोह में डीजे पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इन अवसरों पर अनुमति के साथ छोटे साउंड बक्सो के साथ कार्यक्रम संपन्न करने होगे। बैठक में बताया गया कि अनावश्यक रूप से जो भी साउंड, चोंगे इत्यादि लगे है उन्हे निकाल लें अन्यथा शिकायत आने पर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। उपस्थित ग्रामवासियों के सवाल आरती व अजान में पूर्णतः स्पीकर प्रतिबंधित रहेगा क्या का जवाब देते हुए एसडीएम बृजेंद्र रावत ने बताया कि साउंड की आवाज परिसर से बाहर ना जाए। उन्होंने इसे और क्लियर करते हुए बताया कि आपके मंदिरों मस्जिदों पर बज रहे साउंड से दूसरों को दिक्कत ना हो इतने स्वर में ही आरती व अजान किए जाएं। ध्वनि विस्तारक यंत्रों के दुष्परिणाम की चर्चा करते हुए उपरोक्त अधिकारियों ने बताया कि हमारे धार्मिक आयोजनों से यदि किसी की निद्रा, स्वास्थ्य और शांति प्रभावित होती है तो फिर हमे अपनी आस्था को भावनात्मक स्तर पर रखते हुए अन्य लोगो के स्वास्थ्य के प्रति चिंतित होना पड़ेगा।

मध्य प्रदेश शासन के अन्य आदेश खुले में मांस मछली और मटन की दुकानें खुली में ना लगे इससे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। एसडीएम रावत ने ग्राम वासियों से कहा कि मीट मटन की दुकानें संचालित करने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाने के साथ ग्राम पंचायत द्वारा निर्धारित स्थान पर दुकानें लगानी पड़ेगी। ध्यान देने वाली बात है कि फिलहाल मीट मटन की दुकानें रहवासी इलाके में लग रही हैं। हालाकि पंचायत द्वारा पिपरिया रोड में मटन मार्केट का निर्माण किया जा रहा है। निर्माणाधीन मटन मार्केट पर आपत्ति के चलते निर्माण कार्य प्रभावित हुआ है जो कि अब नए आदेश के बाद गति पकड़ सकता है क्योंकि शासन के आदेशानुसार उक्त दोनों आदेशों का त्वरित पालन करवाना प्रशासन की प्राथमिकता होगी।

# पूजित अक्षत कलश अभियान से दिव्य भव्य अयोध्या बनाएं: शिव राठौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा



विश्व हिंदू परिषद द्वारा सिवनी मालवा खंड का पूजित अक्षत कलश वितरण कार्यक्रम हुआ। उक्त जानकारी देते हुए बजरंग दल जिला सह संयोजक एवं अभियान संयोजक सतीष बकोरिया ने बताया की अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश का सिवनी मालवा खंड समिति के 15 मंडल एवं 4 वस्ती का वितरण कार्यक्रम आज स्थानीय राम जानकी राधा कृष्ण मंदिर में पूज्य संत 108 अनंत वन महाराज प्रकाश नंद महाराज श्रीराम जानकी राधा कृष्ण मंदिर ट्रस्टी अवधेश तिवारी कक्का विश्व हिंदू परिषद विभाग मंत्री शिव राठौर विश्व हिंदू परिषद जिला सह मंत्री प्रभात तिवारी अभियान जिला सह संयोजक मनोज राय जिला कार्यवाह विनोद लोवंशी खंड संघ चालक राकेश वर्मा जिला उपाध्यक्ष प्रवीण अवस्थी जिला सत्संग प्रमुख गुलाब लोवंशी आदि के सानिध्य में अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश का विधि विधान से पूजन अर्चन किया गया एवं श्री राम विजय महामंत्र श्री हनुमान चालीसा का जाप कर शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री अभियान विभाग संयोजक शिव राठौर ने संबोधित करते हुए कहा की हिंदू समाज 500 वर्षो से उस गौरव शाली घड़ी की प्रतीक्षा कर रहा था आज वह स्वर्णीय अवसर 22 जनवरी भगवान श्री राम की जन्म भूमि पर भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही हे सन 1528 से 1949 तक 76 युद्ध हुए अंतिम खूनी संघर्ष 1934 में हुआ। तब हिंदुओं अन्य जबरदस्ती बनाए गए इस्लामी ढांचे को छत्ती पहुचाई तब इसके बाद बिट्रिश सरकार ने आर्थिक दंड लगाया उस संघर्ष का प्रभाव दोनो समुदाय पर पड़ा 1949 को जन्मभूमि पर रामलला प्रकट हुए 1950 के बाद अदालत में याचिकाएं डाली गई मुसलमानों ने 1962 में याचिका डाली 1984 में विश्व हिंदू परिषद अयोध्या आंदोलन में शामिल हुई जागरूकता फेलाने देश भर में राम जानकी यात्राएं निकाली गई अशोक सिंघल मोरोपंत पिंगले जैसे तपस्वियों ने आंदोलन को धार दी 1986 मे रामानंद चार्य स्वामी ने श्री राम जन्म भूमि न्यास का गठन किया 2 नवंबर 1990 को तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने कारसेवकों पर गोली चलाने का आदेश दिया जिसमे राम कोठरी शरद कोठारी सहित अनेक रामभक्तो ने अपने जीवन की आहुतियां दी। 6 दिसंबर को कारसेवकों ने अपमान के प्रतीक ढांचे को ध्वस्त कर दिया 7 दिसंबर को जन्मभूमि पर लघु मंदिर का निर्माण हुआ 9 नवंबर को सर्वोच्च न्यायालय ने स्वीकार किया की विवादित स्थल ही राम जन्मभूमि स्थान एवं मंदिर हे राठौर ने कहा की हम सौभाग्य शाली हे 22 जनवरी को मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही हैं।

# विज्ञान प्रश्नोत्तरी और विकसित भारत 2047 पर परिचर्चा संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा



शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा में शुक्रवार को विज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार रघुवंशी के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। प्राचार्य महोदय ने विद्यार्थियों को विज्ञान एवं उनके अनुसंधान करने के लिए प्रेरित किया। विज्ञान प्रश्नोत्तरी में चार टीमें बनाई गई।

तीन राउंड में संपन्न होने वाली प्रश्नोत्तरी में टीम सी ने 35 अंकों के साथ बढ़त बनाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम सी में ऋषि भिलाला, सोनाक्षी जाट एवं शिवानी रघुवंशी प्रतिभागी के रूप में सम्मिलित हुए। टीम में 25 अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं टीम भी ने 15 अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

साथ ही महाविद्यालय में विकसित भारत 2047 में परिचर्चा के अंतर्गत नव प्रवर्तन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विषय पर छात्रों से चर्चा की गई। छात्रों ने ऊर्जा के नवीनतम एवं प्रदूषण मुक्त तरीकों के बारे में विस्तार से चर्चा की जिसमें सोलर पैनल बायोफ्यूल बायो एथेनॉल पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में कुसुम महाविद्यालय के विज्ञान संकाय के प्रमुख एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ एके यादव, डॉ. अतुल गौर, सुमन यादव, प्रशांत चौरसिया, रोहित मालवीय एवं समस्त स्टाफ उपस्थित था।

# नपा की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं कर्मचारियों के पड़े वेतन के लाले

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नगर पालिका परिषद पिपरिया में वर्तमान स्थिति ठीक न होने से नगर पालिका के कर्मचारियों को वेतन के लाले पड़े हुए हैं। क्योंकि नपा में पदस्थ रहे पूर्व अध्यक्षों के द्वारा नपा की आय से तीन गुना अधिक दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नपा में पदस्थ किया गया। जिसके कारण वर्तमान नपा की स्थिति ठीक न होने के कारण कर्मचारियों का वेतन नहीं हो पा रहा है। शासन से जो राशि नपा को प्राप्त होती है, उससे कर्मचारियों का वेतन भी नहीं निकलता है। क्योंकि नपा की कुल आय 35 लाख रुपए है और कर्मचारियों का वेतन ही 92 लाख रुपए प्रत्येक माह होता है। वर्तमान स्थिति में नगर से टैक्स की वसूली, जल कर वसूली, दुकानों का किराया वसूली भी नपा प्रशासन नहीं कर पा रहा है।

शासन के द्वारा निर्माण कार्य के लिए अलग से राशि प्रदान की जाती है प्रत्येक मद की योजनावार अलग-अलग राशि प्राप्त होती है। उस राशि को मदवार योजना में ही खर्च करना होता है। इस विषय में नपा अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल ने बताया कि पूर्व के नगर पालिका अध्यक्षों के द्वारा अपने चाहतों को लाभ देने को लेकर नगर पालिका की आय से 3 गुना अधिक कर्मचारियों की की भर्ती कर ली गई है। जिन स्थाई कर्मचारियों के जीएफ आदि को छोड़कर 92 लख रुपए प्रत्येक माह का वेतन होता है। जबकी आय कल 35 लख रुपए है। इसलिए कर्मचारियों को वेतन देने में नगर पालिका को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके लिए भी शासन स्तर पर प्रयास किया जा रहे हैं लेकिन नई सरकार के गठन होने के बाद ही कुछ सुधार का प्रयास किया जा सकता है। यहां तक की शासन के द्वारा जो राशि प्रदान की जाती है। उसे स्थाई कर्मचारी का वेतन भी मुश्किल से हो रहा है। नपा परिषद के पूर्व अध्यक्षों के कार्य भी अभी अधूरे पड़े हुए हैं जिन्हें भी नए अध्यक्ष को पूरा करना है। उन्होंने बताया कि पचमढ़ी बस स्टैंड को मॉडल बस स्टैंड बनाया जा रहा है जिसमें कंपलेक्स भी तैयार किया जाएगा।

# शाला प्रभारियों की एक दिवसीय कार्यशाला हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा



जनपद सभा कक्ष सिवनीमालवा में शुक्रवार को प्रातः 11 बजे से सायं 4:30 बजे तक विकासखण्ड सिवनी मालवा के समस्त जनशिक्षा केंद्रों के कक्षा 1 से 8 वीं तक के शाला प्रभारियों की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें बीआरसीसी सन्तोष शर्मा ने शाला में संचालित एफएलएन,यू डाईस, पुस्तक प्राप्ति वितरण, सायकिल गणवेश वितरण, प्रशस्त एप्प एम डीएम आदि की ऑन लाईन एंट्री अनिवार्य है। शिक्षकों से अपडेट लिये व लक्ष्य प्राप्ति हेतु सभी को निर्देश दिये। इस अवसर पर सम्बंधित सभी डीआरजी, मास्टर ट्रेनर्स सतीश दुबे, हरिओम यदुवंशी, नरेंद्र पवार, संतोष गोस्वामी, सुनीता जकनोरे, यशवंत ठाकुर, नीलम मण्डवी, साक्षरता प्रभारी हजारीलाल बाथव, एमआरसी पूर्णिमा त्रिपाठी, रोहित रघुवंशी, ओमप्रकाश धनगर, मनमोहन रघुवंशी, सीएसी पाठ्य पुस्तक वितरण प्रभारी विजय सिंह राजपूत व सभी संकुलों के जनशिक्षक व एफएलएन प्रभारी नितिन दुबे, श्याम रघुवंशी, विनय शर्मा, विजय आनंद पटेल,कमलेश व्यास, मोहन लाल सांगुले,आशाराम धनवारे, राजेश रघुवंशी सहयोगी रहे।

# जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र में टैक्स रसीद की अनिवार्यता खत्म

## सीएमओ ने जारी किया संशोधित आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

बीते चार दिनों से नगर पालिका परिषद इटारसी के अध्यक्ष पंकज चौरे और कांग्रेस पार्षद अमित कापरे के बीच पत्राचार सहित सोशल मीडिया पर चल रहे विवाद पर अंततः विराम लग ही गया। स्थानीय सोशल मीडिया पर चल रहे वाद विवाद के बीच शहर के वरिष्ठ नागरिक भी उस समय कापरे के पक्ष में खड़े हो गए एवं सीधे नगर पालिका अध्यक्ष से स्पष्टीकरण मांगने लगे जब उन्हें पता चला कि नगर पालिका परिषद इटारसी द्वारा एक अजब गजब आदेश लाया गया है जिसमें जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आवेदक को राजस्व शाखा की टैक्स संबंधी रिपोर्ट दिखाया जाना अनिवार्य किया गया है। उक्त आदेश के संदर्भ में पहले कांग्रेस पार्षद कापरे ने मौखिक रूप से सीएमओ और नपा अध्यक्ष से इस आदेश को अविलंब हटाने की मांग की।

बात नहीं बनते देख अगले दिन उन्होंने इस आशय का एक पत्र मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सौंपा एवं सोशल मीडिया पर कार्यालय नगर पालिका इटारसी द्वारा जारी आदेश की कॉपी डालते हुए कड़े शब्दों में अपना विरोध जताया। जिस पर दिनभर तीखी बहस चली और नगर पालिका अध्यक्ष डिफेंसिव मोड में दिखे। आखिरकार नगर पालिका को बैक फुट पर आना पड़ा और अपने आदेश को संशोधित कर निकाय द्वारा जारी जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु निर्धारित अवधि के उपरांत जारी होने वाले अप्राप्यता प्रमाण पत्र पर सीमित कर लिया।

# जल जीवन मिशन के ठेकेदार की लापरवाही से हो रहा यातायात जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद



नगर में लंबे समय से जल जीवन मिशन का कार्य चल रहा है ठेकेदार द्वारा लगभग दो वर्षों से जल जीवन मिशन अंतर्गत प्रत्येक घर में नल से जल पहुंचाने के कार्य में लगातार लापरवाही की जा रही है बिना स्थानीय प्रशासन को सूचना दिए एवं स्थानीय प्रशासन के सहयोग के बगैर ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा नगर में किसी भी स्थान पर गड्ढे खोद दिए जाते हैं।

जिसका खामिया जा ग्राम वासियों को भुगतना पड़ता है और तो और स्टेट हाईवे नंबर 22 पर भी अनेक स्थानों पर इनके द्वारा लंबे समय से कहानी गड्ढे खोदकर तो कहीं पाइप लाइन बिछाने के नाम पर लापरवाही की जाती रही है जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारियों से भी बात करते हैं तो वह कहते हैं कि इन्हें समय दीजिए ये ग्राम वासियों को पेयजल की व्यवस्था कर रहे हैं। इसी के चलते माखन नगर रोड पर तीन चार स्थानों पर एक साथ गड्ढो की खुदाई करने के कारण स्टेट हाईवे नंबर 22 का पीपल चौक पर जाम लग गया जिसे बम मुश्किल स्थानीय पुलिस कर्मचारियों द्वारा बहाल किया गया। प्रशासनिक अधिकारियो की अनदेखी के आमजनता एवं वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अब देखना यह है कि नई सरकार के गठन के पश्चात इनका कार्य कितने दिन और चलता है एवं ग्राम वासियों को आए दिन हो रही परेशानी से कब निजात मिलेगी।

# नवागत मुख्यमंत्री के आदेश पर सक्रिय हुआ प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद




नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शपथ ग्रहण के पश्चात मुख्यमंत्री का पदभार ग्रहण करते ही प्रदेश में समस्त धार्मिक स्थलों पर चल रहे। लाउडस्पीकरों पर प्रतिबंध एवं खुले में मांस एवं अंडे बेचने पर प्रतिबंध लगा दिया है।

इस आशय को लेकर स्थानीय पुलिस चौकी में अनुविभागीय अधिकारी विजेंद्र रावत एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस संजू चौहान ने नगर के वरिष्ठ नागरिको मंदिर के पंडित एवं मस्जिद के मौलवी तथा अंडा, मांस विक्रेताओं एवं डीजे संचालको को बुलाकर मध्य प्रदेश शासन के आदेश की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि धार्मिक स्थलों लाउडस्पीकर एवं अधिक ध्वनि विस्तारित करने वाले उपकरणों पर शासन का प्रबंध पहले से है उसे क्रियान्वित किया जा रहा है इसी तरह अंडे एवं मांस मछली के खुले में विक्रय से आमजन को परेशानी होती है इसलिए एंड एवं मांस मछली का विक्रय खुले में अथवा सार्वजनिक स्थान पर ना किया जाए एवं इन विक्रेताओं के पास शासन की अनुमति अनिवार्य है अनुमति नहीं होने पर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जावेगी इसी तरह लाउडस्पीकरों एवं डीजे साउंड भी निर्धारित मापदंड के अनुसार अनुमति लेकर बजाए जाएं उक्त आदेशों की अहेलना करने पर संबंधितों पर कार्रवाई की जावेगी ग्राम पंचायत के सचिव नागेंद्र सराठे को अधिकारियों ने उक्त आदेश के पालन हेतु निर्देशित किया।

नगरपालिका सभागार में हुई अधिकारियों और धर्म गुरुओं, नागरिकों की बैठक

# इटारसी में नवागत मुख्यमंत्री के निर्देश पर बनी टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



प्रदेश के नए सीएम डा मोहन यादव की पहली बैठक के निर्देशों का असर इटारसी में भी दिखा। विधानसभा चुनाव होने के बाद इटारसी में अफसरों की अच्छी खासी संख्या की पहली बैठक दिखी। जिसमें खुले में मांस बिक्री रोकने और निर्धारित मापदंडों के आधार पर ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करने को लेकर रणनीति बनाई गई। बैठक में नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, एसडीएम नीता कोरी, एसडीओपी महेंद्र सिंह चौहान, टी आई गौरव बुंदेला, नगर पालिका सीएमओ रितु मेहरा व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। यहां संयुक्त दल गठित किए गए हैं। यह दल नियमित रूप से भ्रमण करेंगे और धर्मगुरूओं एवं मैरिज गार्डन संचालकों के साथ ही डीजे संचालकों को भी शासन के नियमों से अवगत कराते हुए बिना अनुमति के और निर्धारित डेसिबल से अधिक का प्रयोग नहीं करें।

जिन्हें भी ध्वनि विस्तारक यंत्रों की अनुमति चाहिए वे निर्धारित प्रक्रिया का पालन कर अनुमति प्राप्त कर सकते हैं। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि सभी थाना स्तरों पर एक सूची भी संधारित की जाए। जिसमें ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करने वालों का विस्तृत विवरण अंकित हो। धार्मिक स्थलों अथवा अन्य स्थानों में निर्धारित मापदंड के अनुरूप ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग किया जा सकेगा। राज्य शासन द्वारा ध्वनि प्रदूषण तथा लाउड स्पीकर आदि के वैधानिक उपयोग की जांच के लिये सभी तहसील में उड़नदस्ते गठित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। तहसील में प्रदूषण नियंत्रण एवं खुले में मांस, मछली का विक्रय प्रतिबंधित करने के संबंध में भी निर्देश दिए गए। यहां बैठक में अपने-अपने क्षेत्र में धर्मगुरूओं के साथ बैठक आयोजित कर उन्हें शासन के प्रावधानों से अवगत कराया। धार्मिक स्थलों एवं अन्य स्थानों पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग पूर्व अनुमति के साथ ही निर्धारित डेसिबल से अधिक नहीं होना चाहिए। इसके साथ ही माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार रात्रि 10 से सुबह 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है।

## धर्मगुरूओं के साथ हुई बैठक

शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में धार्मिक स्थलों पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग तथा खुले में माँस तथा मछली का विक्रय करने के संबंध में जिले में चलाए जाने वाले अभियान के संबंध में शहर के विभिन्न धर्मगुरूओं के साथ अधिकारियों ने बैठक ली और बताया कि ध्वनि विस्तारक यंत्रों के संबंध में मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम, ध्वनि प्रदूषण नियम 2000 के प्रावधान तथा सर्वोच्च न्यायालय तथा उच्च न्यायालय द्वारा समय-समय पर दिए गए निर्देशों के पालन में लाउड स्पीकर एवं अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों के नियम विरूद्ध तेज आवाज में बिना अनुमति के उपयोग को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है।

## खुले में मांस-मछली बिक्री पर रोक

खुले में बिना लाइसेंस मांस-मछली बिक्री पर राज्य सरकार ने रोक लगा दी है। इसके लिए 15 से 31 दिसंबर के बीच विशेष रूप से अभियान चलाकर कार्रवाई की जानी है। नगरीय प्रशासन विभाग ने भी इसके लिए आदेश जारी कर दिए हैं, जिसके पालन में गुरुवार को सीएमओ ने खुले में मांस-मछली बिक्री की स्थिति में कार्रवाई करने के लिए दो नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं।

## एड्स जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक सभा



**नर्मदापुरम।** शुक्रवार को एड्स नियंत्रण पखवाड़ा के उपलक्ष्य में जन जागरुकता के लिए मप्र राज्य एड्स नियंत्रण समिति भोपाल के तत्वाधान में सिविल अस्पताल इटारसी एवं शहर की अन्य आंगनवाड़ी स्थानों पर नुक्कड़ नाटक आयोजित किए गए जिसमे जन सामान्य को एचआईवी फैलने के 4 कारणों जेसे संक्रमित सुई का प्रयोग, ब्लड लगवाने के पहले जांच इत्यादि से अवगत कराया गया एवं एड्स केसे नहीं फैलता है ,वह भी बताया गया। साथ ही जन सामान्य को अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1097 का उपयोग करने की सलाह दी गई। नुक्कड़ नाटक एवं सभा के दौरान अधीक्षक डॉ आर के चौधरी, गणेश उपरारिया आईसीटीसी सलाहकार, शहरी स्वास्थ्य सुपरवाइजर सुनील साहू, प्रशांत मेहरा , टीआई एनजीओ से मोहित भलावी, बसंत सोनी,सुमित यादव एवं स्टॉफ उपस्थित रहा।

**कार्यालय कस्तूरबा गाँधी छात्रावास सेमरी हरचंद**

| क्र. | 100 छात्राओं के लिए |
| --- | --- |

1. दूध 200 ml. प्रतिछात्र 2. सुबह का नाश्ता 3.सब्जियाँ
4.भोजन मे उपयोग होने वाली
किराना सामग्री प्रदान करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है इच्छुक उम्मीदवार उचित दरों के साथ दिनांक 21.12.23 को कार्यालयीन समय 10:30 सुबह से शाम 4:30 तक उपस्थित हो ।

रामसिंह पटेल
प्रभारी
शाषकीय कस्तूरबा कन्या
छात्रावास सेमरी हरचंद

## खबर संक्षेप



### 18 युवाओं का प्रारंभिक चयन हुआ

**हरदा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था हरदा में शुक्रवार को ट्रेनी पद पर भर्ती के लिए कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया गया। प्राचार्य शासकीय आईटीआई शरद कुमार मालवीय ने बताया कि केम्पस प्लेसमेंट ड्राइव में कुल 39 पुरूष आवेदक सम्मिलित हुए थे, जिनमें से 18 युवाओं का प्रारंभिक चयन हुआ।

### गांजा तस्करी के आरोपी को 2 साल की सजा

**हरदा।** मादक पदार्थ गांजा तस्करी के आरोपी गोलू उर्फ ओमप्रकाश पिता जगदीश कहार उम्र 34 निवासी सरस्वती शिशु मंदिर के पास सिराली जिला हरदा को विशेष न्यायालय हरदा द्वारा 2 साल का सश्रम कारावास एवं 5000 के अर्थ दंड से दंडित किया। अपर लोक अभिजक सुखराम बामने ने बताया कि पुलिस थाना सिविल लाइन हरदा के अपराध क्रमांक 374/19 अंतर्गत धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट 1985 आरोपी गोलू उर्फ़ ओमप्रकाश कहार को विशेष न्यायालय हरदा द्वारा 2 वर्ष का कारावास एवं 5000 के अर्थ दंड से दंडित किया। आरोपी मसनगांव तरफ से हरदा की ओर आते हुए मादक पदार्थ गांजा अपनी गाड़ी की डिक्की में रखकर ले जा रहा था। तभी पुलिस ने कड़ोला नदी के पास घेरा बंदी कर पकड़ा और आरोपी को गिरफ्तार कर विवेचना कर चालान विशेष न्यायालय हरदा में पेश किया। विशेष न्यायाधीश ने दोषी पाते हुए आरोपी को दो वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5000 के अर्थदंड से दंडित किया। इस मामले की पैरवी अपर लोक अभियोजक सुखराम मामले द्वारा की गई।

### सड़क हादसे में एक ही परिवार के सात लोग घायल

**हरदा।** शुक्रवार सुबह 11 बजे सिविल लाइन के मसनगांव के पास एक टवेरा और पिकअप की आमने-सामने से टक्कर हो गई। जिसमें टवेरा में सवार एक ही परिवार के सात लोगों सहित ड्राइवर को चोट आई है। ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल लाया गया है। जहां सभी का इलाज जारी है। हादसे में एक बुजुर्ग को गंभीर चोट आने से उन्हें उपचार के लिए निजी नर्सिंग होम ले जाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार सिराली तहसील के ग्राम बेड़ियांकला का रहने वाला परिवार अपने भाई की बेटी की शादी में शामिल होने इंदौर गया था। वहां लौटने के दौरान ये हादसा हो गया। इसमें पिकअप खिरकिया की ओर से आ रही थी। हादसे में टवेरा गाड़ी पलटी खाते हुए सड़क किनारे एक खेत में जा गिरी। घटना के बाद ग्रामीणों और राहगीरों की मदद से सभी घायलों को गाड़ी से बाहर निकालकर तत्काल जिला अस्पताल लाया गया, जहां सभी का इलाज जारी है। हादसे में सभी लोगों को हाथ, पैर व सिर में चोट आई है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा आज से

**हरदा।** जनकल्याण की प्रमुख योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए 16 दिसम्बर से विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जा रही है। इस यात्रा के तहत 26 जनवरी 2024 तक जिले के विभिन्न ग्रामों में प्रचार वाहन भ्रमण करेगा तथा गांव-गांव में कार्यक्रम आयोजित कर शासकीय योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा तथा नये हितग्राहियों के आवेदन भी लिये जायेंगे। हरदा में इस यात्रा के लिये आये प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया जायेगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा में आयोजित होगा। कार्यक्रम में कलेक्टर ऋषि गर्ग, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा संकल्प यात्रा के लिये भारत सरकार द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारी ऋचा शर्मा, संचालक श्रम मंत्रालय नई दिल्ली भी मौजूद रहेगी।

---

### इतने बड़े शहर में मात्र 1 लाइसेंस, 70 दुकानदार बेच रहे थे अवैध मांस, नोटिस दिए

# शहर में अवैध मांस बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई, 6 दुकानों से 70 किलो मांस जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा 13 दिसंबर को शपथ ग्रहण करने के बाद कैबिनेट में खुले में मांस बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश जारी किए हैं। इस फैसले के बाद जिले में मुख्यमंत्री यादव के आदेश पर अमल भी होने लगा है। शुक्रवार को प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से कार्रवाई शुरू हो गई है। सुबह खाद अधिकारी के साथ नगर पालिका अमले ने मांस दुकानों का रुख किया।

इस दौरान खसखसवाड़ी, कालादेवल की मांस दुकानों पर पुलिस के साथ पहुंचे अमले ने दुकानदारों के लाइसेंस जांचने के साथ ही नियमो का उल्लंघन पाए जाने पर 6 दुकान से सामान सहित 70 किलो मांस जब्त कर 70 लोगों को नोटिस दिया है। प्रशासनिक अधिकारियों की कार्रवाई के बाद मांस विक्रेताओं में हड़कंप मच गया। कई मीट विक्रेताओं ने नाराजगी जताकर आपत्ति दर्ज कराने का प्रयास भी किया लेकिन अफसरों ने कार्रवाई जारी रखी। मीट-मछलियों की दुकान के शटर गिरवा दिए. कार्रवाई उन दुकानों पर की गई जो खुलेआम सड़क के किनारे मीट-मछली काट रहे थे. माना जा रहा है कि दो-तीन दिन के अंदर इस फैसले का व्यापक असर देखने में आएगा.जहां कुछ दुकानदार आंशिक रूप से अपनी दुकान बंद करने के लिए तैयार नजर आये वहीं कुछ दुकानदार दबी जवान से विरोध करते भी नजर आए।



#### मुख्यमंत्री ने शपथ लेने के साथ लिया फैसला

गौरतलब हो कि 13 तारीख को सीएम पद की शपथ लेने के साथ ही सत्ता की कमान पूरी तरह संभाली। सीएम यादव ने कैबिनेट की पहली बैठक में ही कई अहम फैसले लिए गए थे। इसके साथ ही आदेश भी जारी किए गए।सीएम ने सत्ता संभालने के तुरंत बाद धार्मिक स्थलों पर तेज आवाज में लाउडस्पीकर बजाने और खुले में मांस की बिक्री पर पाबंदी लगाने समेत कई अहम आदेश जारी किए. इसके अलावा खुले में मांस और मछली बेचने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई का ऐलान भी किया गया है।

#### मांस बेचने वालों को कर रहे चिन्हित

शहर में मांस बेचने वाले व्यापारियों की बात करे तो शहर में केवल एक व्यक्ति ने नगर पालिका से मांस बेचने का लाइसेंस ले रखा है। इसके अलावा जितनी भी दुकानें संचालित हो रही है सभी अवैध रूप से अबतक चलती आई है।अधिकारियों के मुताबिक अब ऐसे व्यापारियों की सूची भी बनाई जा रही है जो अवैध रूप से कारोबार कर रहे हैं. उन्होंने यह कहा कि अवैध रूप से कारोबार करने वालों की दुकानों को सील किया गया।फूड सेफ्टी अधिकारी एचएल अवासीया के मुताबिक जिन इलाकों में मांस की दुकानें संचालित होती है, वहां मुनादी भी पिटवा दी गई है।

#### एक लाइसेंस दे रखा है

पहले नगर पालिका की तरफ से लाइसेंस जारी होते थे। मांस विक्रय करने की अनुमति केवल एक व्यक्ति को दी गई है, बाकी अवैध है। उन्हें चिन्हित किया जा रहा है। 6 दुकानों से 70 किलो मांस जब्त कर कार्यवाही की जा रही हैं।जो आगे भी जारी रहेगी, ताकि अवैध रूप से मांस बेचने वालों की सूचना प्रशासन तक पहुंच सके।

**- महेश वर्मा,** राजस्व निरीक्षक नगर पालिका खरगोन।

---

## सड़क हादसे में हुई युवक की मौत से आक्रोशित हुए लोग

### मुक्तिधाम से सीधे पहुंचे कलेक्टर कार्यालय, दिया धरना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

जिला मुख्यालय पर कलेक्टर कार्यालय के पास तिराहे पर पिछले छह महीने से सिग्नल चालू नहीं होने के कारण यातायात व्यवस्था तो पूरी तरह से चरमरा गई। साथ ही सिग्नल बंद होने से सड़क दुर्घटना का ग्राफ भी तेजी से बढ़ता जा रहा है। परिणाम स्वरूप गुरुवार रात कलेक्टोरेट के बाहर शहर में रहने वाले कहार /मांझी समाज के एक युवक को वाहन चालक टक्कर मारकर फरार हो गया। जिसमें प्रहलाद वर्मा की मौत हो गई। मामले को लेकर शुक्रवार को समाज आक्रोशित हो गए और कड़ा विरोध जताया।



मृतक प्रहलाद का अंतिम संस्कार करने के बाद घर लौटने के बजाय बड़ी संख्या में लोग कलेक्टोरेट पहुंचे। यहां कलेक्टर कर्मवीर शर्मा से मिलने की मांग पर आड़ गए। और कलेक्टर ऑफिस के मुख्य गेट के सामने धरना दिया। कुछ देर बात कलेक्टर खुद पहुंचे जिन्हें समाजजन ने समस्या बताई। समाज अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा, कोषाध्यक्ष महेश वर्मा ने बताया प्रहलाद व्यापारी है। गुरुवार को कलेक्टोरेट के बाहर से गुजर रहा था। इसी दौरान एक वाहन चालक ने उसे टक्कर मार दी और फरार हो गया। चूंकि यह घटना कलेक्टोरेट के सामने हुई है। यहां सुरक्षा के कोई पुख्ता बंदोबस्त नहीं है। समाजजन मांग करते हैं कि आरोपी की जल्द गिरफ्तारी हो। परिवार को आर्थिक सहायता दी जाए। सडक़ पर स्पीड ब्रेकर व लाइटिंग की व्यवस्था की जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हो।

#### तहसीलदार, डिप्टी कलेक्टर को बेरंग लौटाया

कहार समाज के लोगों से मिलने पहले तहसीलदार और बाद में डिप्टी कलेक्टर प्रतापसिंह अगास्या पहुंचे। लेकिन समाजजन के आक्रोश के कारण उन्हें बेरंग लौटना पड़ा। क्योंकि वहां मौजूद समाजजन कलेक्टर से मिलने की मांग पर अड़े हुए थे। इंतजार बाद कलेक्टर खुद आए और ज्ञापन लेकर समस्या सुनी। इसके बाद ही लोग घर लौटे।

#### महीनों से बंद है सिग्नल

गौरतलब है कि कलेक्टर कार्यालय के बाहर नवग्रह मंदिर तिराहे पर करीब छह माह से ट्रैफिक सिग्नल लगा है। तकनीकी खामी के चलते सिग्नल को अब तक शुरू नहीं किया गया है। तिराहे पर अक्सर जाम की स्थिति बनती है। हादसों का डर भी बना रहता है। जबकि लोग बार बार मामले को उठाते रहते हैं। लेकिन जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे।

---

### शहर में निकलेगी पालकी यात्रा, चंपा षष्ठी पर्व का आयोजन 18 को

**खंडवा।** प्रतिवर्षुनसार इस वर्ष भी चंपाषष्ठी का पर्व सर्व मराठी समाज द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। समाज के धर्मेन्द्र शिंदे ने बताया कि मार्गशीर्ष मास में शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को चंपा षष्ठी के नाम से जाना जाता है। चंपा षष्ठी व्रत भगवान शिव एवं माता पार्वती के बड़े पुत्र भगवान कार्तिकेय और देव खंडोबा बाबा को समर्पित है। खंडोबा बाबा भगवान को मार्तण्ड भैरव और मल्हारी जैसे अन्य नामों से भी जाना जाता है,जो भगवान शिव का ही दूसरा रूप है। सर्व मराठी समाज द्वारा 18 दिसंबर 2023, सोमवार को चंपा षष्ठी का पर्व जय मल्हार मंदिर पदमकुंड रोड़ आव्हाड़ बाड़ा में मनाया जाएगा। इस दिन सुबह 6 बजे से 8 बजे तक भगवान का अभिषेक पूजन एवं सुबह 9 से 10 बजे तक हवन आरती होगी। इसके बाद सुबह 10:30 बजे से शहर में पालकी यात्रा चल समारोह निकाला जाएगा। रात में महाआरती के बाद प्रसादी वितरण होगा। जागरण एवं सामाजिक गोंधल रात्रि 10 बजे से किया जाएगा।

### संकल्प यात्रा के कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार करें

**हरदा।** सरकार की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुँचाने के लिये 16 दिसम्बर से विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जा रही है। इस यात्रा के तहत 26 जनवरी 2024 तक जिले के विभिन्न ग्रामों में प्रचार वाहन भ्रमण करेगा तथा गांव-गांव में कार्यक्रम आयोजित कर शासकीय योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा तथा नये हितग्राहियों के आवेदन भी लिये जायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार शाम को वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न जिलों के जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर कहा कि संकल्प यात्रा कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। उन्होने सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिये कि यात्रा के कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के लिये ग्रामीण क्षेत्र में कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराकर ग्रामीणों को कार्यक्रम के बारे में बताएं ताकि अधिकाधिक ग्रामीण इस अवसर का लाभ उठा सकें। हरदा कलेक्ट्रेट के वीडियो कान्फ्रेंसिंग कक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, उपाध्यक्ष दर्शनसिंह गेहलोत, नगर पालिका अध्यक्ष भारती राजू कमेड़िया, कलेक्टर ऋषि गर्ग, जिला पंचायत के सीईओ रोहित सिसोनिया व अपर कलेक्टर डॉ. नागार्जुन बी गौड़ा सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे।

---

## बायपास मार्ग की स्वीकृति का प्राक्कलन व एस्टीमेट पदाधिकारियों ने सांसद को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

जिला मुख्यालय खंडवा में बढ़ती आबादी एवं शहर के प्रमुख मार्गों पर बड़े वाहनों की आवाजाही के कारण खंडवा में प्रतिदिन जाम की स्थिति के साथ ही दुर्घटनाएं भी बढ़ती जा रही है। इसको देखते हुए अब खंडवा में रिंग रोड बायपास की काफी आवश्यकता है।

समाजसेवी व सांसद प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि रिंग रोड बाईपास को लेकर जनप्रतिनिधि भी गंभीर है और एक मत से अब खंडवा में बायपास को लेकर योजना पर तरीके से इस कार्य को अंजाम देने के लिए तैयारी की जा रही है विगत 2 वर्ष पूर्व लोक निर्माण विभाग खंडवा द्वारा जनप्रतिनिधियों की मांग पर बायपास के लिए प्राक्कलन भोपाल भेजा गया था, लेकिन बजट के अभाव में यह कार्य स्वीकृत नहीं हो पाया। प्रवक्ता सुनील जैन ने पार्टी के पदाधिकारी और पूर्व महापौर सुभाष कोठारी, परमजीत सिंह नारंग, धर्मेंद्र बजाज ,आशीष चटकले, गब्बर वर्मा, कपिल अंजने, चंद्रेश पचोरी, सागर आरतानी, जितेंद्र यादव समाजसेवी राजू भाटिया की उपस्थिति में सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल को 2 वर्ष पूर्व लोक निर्माण विभाग प्रदेश शासन भोपाल को बायपास के भेजे गए प्रकरण की प्रतिलिपि उपलब्ध कराकर अनुरोध किया कि बजट के अभाव में प्रदेश सरकार द्वारा यह बाईपास स्वीकृत नहीं हो पाया है, आपसे अनुरोध है कि केंद्र सरकार के लोक निर्माण विभाग से अति जरूरी खंडवा के बाईपास की मंजूरी प्रदान करवाए ताकि खंडवा की एक बड़ी समस्या का निराकरण हो सके। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने सभी उपस्थित जनों को आश्वास्त किया कि सक्रियता के साथ खंडवा बाईपास के लिए में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से चर्चा कर केंद्र सरकार से इसकी मंजूरी दिलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करूंगा, इसके साथ ही प्रदेश के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री मोहन यादव से भी शीघ्र मुलाकात कर उनका स्वागत करते हुए खंडवा बायपास के लिए अनुरोध करूंगा।



---

**लकड़बग्घे को वन क्षेत्र में भेजने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली**

## ग्रामीण जिसे शेर समझकर भयभीत थे, अंततः वह निकला लकड़बग्घा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

पिछले 20 दिनों से जिसे ग्रामीणजन शेर समझ रहे थे, अंततः वह लकड़बग्घा निकला। उसे पहली बार ग्राम गवला में और शुक्रवार को पुनः ग्राम पुतला के खेत में देखा गया था। वहां साढ़े पांच घंटे तक नाटकीय घटनाक्रम चलता रहा। अंततः उसे जंगल में सुरक्षित भेजने में वन विभाग का दल सफल हो गया।

समीपवर्ती ग्राम पुतला में करीब प्रातः 8 बजे कृषक शेरसिंह पिता भिलाला के कपास में छुपकर बैठा था। आहट मिलने पर उसने उक्त अज्ञात पशु को देखा और वह उसे शेर समझ कर भाग खड़ा हुआ। उसके द्वारा शेर, शेर चिल्लाने पर की आवाज सुनकर ग्रामीणजन इकट्ठे हो गए थे। कई लोग कुतुहलवश वृक्ष और झाड़ियों पर चढ़कर उक्त वन्य प्राणी को देखने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान वन परिक्षेत्र अधिकारी (चिरीया) संजय चौहान सहित वन विभाग का दल मौके पर पहुंच गया। इनमें डिप्टी रेंजर चैनसिह मंडलोई, पप्पू महाजन और वंरक्षकों में गांधी बरडे, रूपसिंह सोलंकी, आशीष शर्मा, मोना अहिरवार, अनिल बछानिया आदि थे। उन्होंने वहां पहुंची भीड़ को मौके से हटा दिया और यह पुष्टि की गई कि वह शेर नहीं लकड़बग्घा है। वन विभाग के स्पीकर लगे वाहन से आसपास के गांव और खेतों में मुनादी कराई गई और लोगों से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने का अनुरोध किया।

संपूर्ण नाटकीय घटनाक्रम करीब 2 घंटे तक चलता रहा, तब कहीं काफी मशक्कत के बाद लकड़बग्घा ने वहां से भागने का प्रयास किया। जब वह पुतला फाटे की ओर से रतनपुर गांव की ओर भागने की कोशिश की तो वन अधिकारियों की सांसे फूल गई। परंतु उन्होंने उसे असफल कर दिया और उसे मालीपुरा और राजपुरा के जंगल की ओर जाने के लिए विवश कर दिया। इस पूरे घटनाक्रम का पटाक्षेप दोपहर करीब 1:30 बजे हुआ। उसे वन अधिकारी उक्त गांवों के वन क्षेत्र में सुरक्षित भेजने में सफल हो गए थे।

#### हरिभूमि की खबर की पुष्टि हुई

शुक्रवार को लकड़बग्घा देखे जाने के बाद 26 नवंबर को इस आशय की। हरिभूमि प्रकाशित खबर की पुष्टि हुई है। इस दौरान ग्रामीणजन इसके शेर होने की अफवाह से भयभीत थे।फलस्वरूप 25 नवंबर को गवला और खुशालिया के मध्य कई ग्रामीणों ने खेतों में इस लकड़बग्घा को देखा था। जिससे ग्रामीण जनों में दहशत फैल गई थी और किसानों ने रात के समय खेतों में जाना बंद कर दिया था। इस घटना के बाद वन संरक्षण खंडवा भी उक्त गांवों में पहुंचे थे।

इस मामले की जांच पड़ताल कर, हरिभूमि ने उक्त अज्ञात वन्य प्राणी के लकड़बग्घा होने की आशंका व्यक्त की थी। इस आशय की 26 जनवरी को इस आशय की प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। जिससे किसानों और ग्रामीणजन सामान्य दिनों की तरह कामकाज में लग गए थे। यह भी सुखद है कि जंगल से भटके उक्त वन्य प्राणी ने किसी पालतू पशु अथवा ग्रामीण पर हमला नहीं किया था। शुक्रवार को वन विभाग के दल द्वारा लकड़बग्घे को वन क्षेत्र में भेजे जाने के बाद भयभीत ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

#### इनका कहना है...

सीमावर्ती सतपुड़ा अंचल और वन्य प्राणी अभ्यारण पाल (महाराष्ट्र) भी झिरन्या तहसील के दोनों वन परीक्षेत्र से सटे हुए हैं और वन्य प्राणी विचरण करते हुए अथवा भटक कर आ जाते हैं। ग्रामीणों को भयभीत नहीं होकर सावधान रहना चाहिए।

**प्रशांत कुमार सिंह,** डीएफओ, खरगोन

---

### प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को अतिथियों ने किया पुरस्कृत

# विश्व दिव्यांग दिवस पर दिखाया बच्चों ने अपना हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देश पर जिला स्तर पर विश्व दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में पुलिस लाइन ग्राउंड खंडवा में दिव्यांग बच्चों की खेल प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें जिले के सातों विकासखंड के चयनित दिव्यांग बच्चे सम्मिलित हुए।

जिसमें कुर्सी दौड़ , रांगोली, 100 मीटर दौड़, नृत्य, गायन आदि प्रतियोगिता आयोजित की गई। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि समापन अवसर पर मुख्य अतिथि खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे, अध्यक्षता महापौर अमृता अमर यादव, तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक देवेंद्र वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष सेवादास पटेल, विशेष अतिथि के रूप में जिला महामंत्री राजेश तिवारी, सांसद प्रतिनिधि राजपाल सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष आशीष राजपूत ,भाजपा के पदाधिकारी विनू जैन, रविंद्र चांडक, प्रवीण पांडे ,मीडिया प्रभारी मंगलेश तोमर, सह प्रभारी श्रृंगी उपाध्याय, समाजसेवी सुनील जैन दिव्यांग मंच से जुड़े आर सी सोनी, विजय बिल्लोरे, मदन चौधरी आदि थे। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर अनूप कुमार सिंह ने दिव्यांग बच्चों की दौड़ को हरी झंडी दिखाकर किया।




समापन सत्र में अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि कंचन मुकेश तनवे ने कहा इस प्रकार के आयोजन दिव्यांग विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं। महापौर अमृता अमर यादव ने सभी की प्रस्तुतियों की सराहना की। पूर्व विधायक देवेंद्र वर्मा ने शासन की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी सेवादास पटेल, महामंत्री राजेश तिवारी, अध्यक्ष नगर निगम अनिल विश्वकर्मा,ओर पूर्व जनपद अध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान ने भी अपने विचार रखे।सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया।अतिथियों का स्वागत सामाजिक न्याय विभाग की प्रमुख एवं डिप्टी कलेक्टर निकिता मंडलोई, जिला शिक्षा अधिकारी पी एस सोलंकी , एपीसी रश्मि चौरे, इंदर सिंह जमरे, अर्जुन सिंह राजपूत, संजीव कुमार खरे ,वैशाली रघुवंशी, सुभाष केशोरे एवं सभी विकासखंड के बीआरसीसी ने किया। कार्यक्रम का संचालन प्रशांत दीक्षित व संदीप जोशी ने किया। आभार बीआरसीसी खंडवा बी एल वास्कले ने माना।

---

### आज होगा श्रीराम जन्मोत्सव

## तन को संसार की सेवा में लगाओ : पं. मदनमोहन




**खरगोन।** संसार में हमको तन ओर मन दोनो मिला है, तन मिला है तो उसको संसार की सेवा में लगाओ ओर मन मिला है तो उसको ईश्वर की सेवा में लगाओ। तभी तन ओर मन दोनो का उद्धार होगा। उक्त बात कसरावद में चल रही रामकथा के तीसरे दिन कथा वाचक पंडित मदन मोहन महाराज ने श्रीमद भागवत ज्ञान गंगा समिति द्वारा आयोजित नगर के विश्वास जिनिग परिसर में चल रही नो दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के व्यास पीठ से कही। महाराज ने कहा की आजकल तन की सुंदरता पर ध्यान ज्यादा देते है, लेकिन मन की सुंदरता पर ध्यान देने की जरूरत है। मनुष्य जीवन हमको सद्कर्म करने के लिए मिला है, लेकिन हम इसे व्यर्थ के प्रपंचों में गवा रहे हैं। प्रभु भजन और परोपकार ही जीवन का मूलमंत्र होना चाहिए। कथा के दौरान प्रतिदिन नगर सहित आस पास के गावो से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण हेतु आ रहे हैं। भागवत समिति के सचिव सुधीर सराफ ने बताया की कथा वाचक महाराज द्वारा श्रीराम कथा का सुंदर वर्णन किया जा रहा है ।आज शनिवार को कथा में भगवान श्रीराम जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। भागवत समिति द्वारा श्रद्धालुओं से कथा श्रवण में आने अपील की।